# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं०-1 व 2, निकट महिला आई०टी०आई० कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001

E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com

डाउनलोड जल सारथी ऐप


पत्रांक : 2084 / M-20 / 246 दिनांक 31/8/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

**विषय :– ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 29.08.2026 के पेपर में प्रकाशित ''जल जीवन मिशन के तहत अनदेखी, ग्रामीण परेशान'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 29.08.2026 के पेपर में प्रकाशित ''जल जीवन मिशन के तहत अनदेखी, ग्रामीण परेशान'' शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है :–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| छीनशाहगौरा– रायबरेली जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत जल संरक्षण के सरकारी प्रयासों के बावजूद पानी की बर्बादी जारी है। डलमऊ तहसील के दिनशाह गौरा ब्लॉक क्षेत्र स्थित जलालपुर धई रेलवे स्टेशन के पास एक टूटी पाइपलाइन से रोजाना सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।<br>यह स्थिति तब है जब एक ओर देश के कई हिस्सों में लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं और उन्हें पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। दूसरी ओर, यहां खुलेआम पानी बर्बाद हो रहा है, जिस पर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं है।<br>गांव के निवासियों, जिनमें शरीफ, बाबूलाल, आसिफ, रईस और शिवम शामिल हैं, ने बताया कि पाइप की टोटी काफी समय से टूटी हुई है। उनकी शिकायत है कि इस समस्या पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन परियोजना के अंतर्गत ग्राम जलालपुर धई विकास खण्ड–दीनशाहगौरा में जलालपुर धई पेयजल योजना से ग्राम में जलापूर्ति की जाती है। उक्त प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा मौके पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित नल में टोटी लगा दी गई है (फोटो सलंग्न)। जिससे अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद न हो।<br><br> |

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ल०क्षे०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, (ल०क्षे०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

# नल की टोटी से जल की बर्बादी, जिम्मेदार मौन:**जल जीवन मिशन के तहत अनदेखी, ग्रामीण परेशान**

**महताब अहमद | दीनशाह गौरा (रायबरेली), रायबरेली3 दिन पहले**

रायबरेली जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत जल संरक्षण के सरकारी प्रयासों के बावजूद पानी की बर्बादी जारी है। डलमऊ तहसील के दिनशाह गौरा ब्लॉक क्षेत्र स्थित जलालपुर धई रेलवे स्टेशन के पास एक टूटी पाइपलाइन से रोजाना सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

यह स्थिति तब है जब एक ओर देश के कई हिस्सों में लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं और उन्हें पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। दूसरी ओर, यहां खुलेआम पानी बर्बाद हो रहा है, जिस पर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

गांव के निवासियों, जिनमें शरीफ, बाबूलाल, आसिफ, रईस और शिवम शामिल हैं, ने बताया कि पाइप की टोटी काफी समय से टूटी हुई है। उनकी शिकायत है कि इस समस्या पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इस संबंध में ग्राम प्रधान ऋषि कुमार प्रसाद से बात की गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस समस्या का समाधान जल्द ही कराया जाएगा।